आकाशवाणी शिमला

09.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मुख्यमंत्री

राज्य के एक सौ 51 सरकारी स्कूलों में वर्तमान शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई पैटर्न लागू करने की पहल के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और स्कूलों में छात्र प्रवेश में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इन सभी स्कूलों में 3 शैक्षणिक संकायों मेडिकल, नॉन मेडिकल और कॉमर्स शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने तय समय सीमा के भीतर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने को कहा है ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के कई कदम उठाए हैं और अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मामले में हिमाचल देश में 21वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंच गया है।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में पेयजल की गुणवत्ता सुधारने और जलशुद्धिकरण व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए करीब 2 हजार करोड़ रूपए की व्यापक योजना लागू की जाएगी। ऊना जिले के हरोली में जलशक्ति विभाग के नवनिर्मित विश्राम गृह के लोकार्पण अवसर पर उन्होंने आज ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत आधुनिक तकनीक आधारित जलशुद्धिकरण प्रणालियां स्थापित की जाएंगी। अग्निहोत्री ने बताया कि ऊना जिला में पेयजल व सिंचाई से संबंधित करीब एक हजार करोड़ रूपए की परियोजनाएं प्रगति पर हैं। इसके अलावा ए.डी.बी. के तहत जिले में एक सौ 35 करोड़ रूपए की 18 परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं जिनमें से 7 का कार्य पूरा हो चुका है।

सुजाता

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि सरकार देश में घरेलू एलपीजी की शत प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि वितरण केन्द्रों पर एलपीजी की कमी की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि खाद्य, पॉलिमर, कृषि और अन्य क्षेत्रों के लिए गैर–घरेलू थोक एलपीजी की आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

चन्द्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चन्द्र कुमार ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में प्राकृतिक खेती व पशुपालन की अहम भूमिका है। वे आज ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के कोटला में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। चन्द्र कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का निवारण उनके घर–द्वार पर सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से सरकार ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं, मक्की, हल्दी और अदरक के मूल्य में वृद्धि की है। कृषि मंत्री ने पशुपालकों से दुग्ध सहकारी समितियां गठित कर उनका पंजीकरण कराने का आहवान किया।

रेणुका परियोजना

सिरमौर जिला के रेणुका क्षेत्र में गिरी नदी पर अंतर्राष्ट्रीय महत्व की श्री रेणुका जी बांध परियोजना के पहले चरण का कार्य आज शुरू हुआ। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व स्थानीय विधायक विनय कुमार ने निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की करीब 4 दशक पुरानी मांग अब पूरी हो रही है और बांध के बनने से उनकी आर्थिकी में सुधार होगा। विनय कुमार ने कहा कि बांध निर्माण कार्य शुरू होने से पहले विस्थापितों की मांगों को लेकर सरकार ने गम्भीर कदम उठाए हैं ताकि उन्हें उचित मुआवजा मिले।

आवेदन

हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर ने सीबीएसई स्कूलों में अध्यापकों की विभिन्न श्रेणियों के कुल 8 सौ 8 पदों को फिक्स मानदेय के आधार पर भरने के लिए 8 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इन स्कूलों में संगीत अध्यापक, ड्राइंग टीचर, संस्कृत अध्यापक, फिजिकल एजूकेशन, हिंदी अध्यापक, इतिहास और भूगोल अध्यापकों के पद भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए डॉट एचपी डॉट जीओवी डॉट इन पर लिंक 17 अप्रैल को सुबह 10 बजे से लेकर 8 मई तक खुला रहेगा।

—————————————